>

Title: Need to set up a Rail Coach Factory at Bareilly in Uttar Pradesh.

श्री संतोष गंगवार (बरेली): अध्यक्ष महदेय, बरेली, उत्तर प्रदेश का मुख्य महानगर है। रेल की बड़ी आधारभूत संरचना बरेली में है। पूर्वोत्तर रेल मंडल कार्यालय के साथ पूर्वोत्तर रेल का क्रेन निर्माण व डिब्बा सुधार कारखाना बरेली में स्थित था, परन्तु काम न होने के कारण बरेली में इस कारखाने का कार्य समाप्त प्राय है। पूर्व में यहां 10,000 मजदूर कार्यरत थे। अब कार्य निरन्तर कम होता है। 20 वर्ष पूर्व बरेली में कोच फैक्ट्री हेतु इस स्थान को सर्वाधिक उपयुक्त माना गया, परन्तु राजनैतिक कारणों से फैसला नहीं हो पाया। यहां पर रेल के पास इस हेतु उपयुक्त भूमि है तथा पूरी आधारभूत संरचना है। आग्रह है इस संबंध में उपयुक्त विचार कर बरेली में एक उपयुक्त रेल कारखाना स्थापित करने हेतु उपयुक्त निर्णय लें।